**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 668**
**8/02/2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**दिल्ली के आयानगर में डॉप्लर मौसम रडार (डीडब्ल्यूआर) का संस्थापन**

**668. श्रीमती दर्शना सिंह:**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार/ भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा वर्षा और आंधी के पूर्वानुमान के लिए लोधी रोड और पालम स्थित मौजूदा दो डॉप्लर मौसम रडार (डीडब्ल्यूआर) के अलावा दिल्ली के आयानगर में भी एक डीडब्ल्यूआर तंत्र का संस्थापन किया गया है ;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में उक्त रडार प्रणाली के निर्माण और उसके संस्थापन में कुल कितनी लागत आई है;

(घ) आयानगर में संस्थापित यह नया रडार पहले से कार्यशील दो रडारों से किस प्रकार भिन्न है; और

(ङ) देश में वर्तमान में कुल कितने कार्यशील डीडब्ल्यूआर है?

**उत्तर**
पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क)-(ख) जी हां। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली में आयानगर में एक एक्स-बैंड डॉप्लर मौसम रडार प्रणाली स्थापित की है, तथा यह वर्ष 2021 से प्रचालन में है।

(ग) आयानगर में डॉप्लर मौसम रडार खरीदने तथा स्थापित करने में लगभग 4.62 करोड़ रुपये की लागत आयी है।

(घ) एक्स-बैंड डॉप्लर मौसम रडार आयानगर में संस्थापित किया गया है, जबकि सी-बैंड तथा एस-बैंड डॉप्लर मौसम रडार क्रमश: लोधी रोड एवं पालम में स्थापित किए गए हैं।

(ङ) वर्तमान में पूरे देश में 39 डॉप्लर मौसम रडार हैं। इसका विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

**अनुलग्नक -1**

**भारत में डॉप्लर मौसम रडार का नेटवर्क तथा उनके स्थान एवं राज्य का नाम**

| *क्र.सं.* | *राज्य* | *केन्द्र का नाम* | डॉप्लर मौसम रडार *का प्रकार* |
|---|---|---|---|
| 1. | पश्चिम बंगाल | कोलकाता | एस-बैंड |
| 2. | आंध्र प्रदेश | मछलीपटनम | एस-बैंड |
| 3. | | विशाखापट्टनम | एस-बैंड |
| 4. | | हैदराबाद | एस-बैंड |
| 5. | | श्रीहरिकरोटा (इसरो), | एस-बैंड |
| 6. | दिल्ली | पालम | एस-बैंड |
| 7. | | मुख्यालय नई दिल्ली | सी-बैंड (पोलैरिमीट्रिक) |
| 8. | | आया नगर | एक्स-बैण्ड |
| 9. | महाराष्ट्र | नागपुर | एस-बैंड |
| 10. | | मुम्बई | एस-बैंड |
| 11. | | मुम्बई वेरावली | सी-बैण्ड |
| 12. | | सोलापुर | सी-बैण्ड |
| 13. | त्रिपुरा | अगरतला | एस-बैंड |
| 14. | बिहार | पटना | एस-बैंड |
| 15. | उत्तर प्रदेश | लखनऊ | एस-बैंड |
| 16. | पंजाब | पटियाला | एस-बैंड |
| 17. | असम | मोहनबाड़ी | एस-बैंड |
| 18. | मध्य प्रदेश | भोपाल | एस-बैंड |
| 19. | ओडिशा | पारादीप | एस-बैंड |
| 20. | | गोपालपुर | एस-बैंड |
| 21. | तमिलनाडु | कराईकल | एस-बैंड |
| 22. | | चेन्नई एनआईओटी | एक्स-बैण्ड |
| 23. | | चेन्नई | एस-बैंड |
| 24. | गोवा | गोवा | एस-बैंड |
| 25. | गुजरात | भुज | एस-बैंड |
| 26. | राजस्थान | जयपुर | सी-बैंड (पोलैरिमीट्रिक) |
| 27. | जम्मू एवं कश्मीर | श्रीनगर | एक्स-बैण्ड |
| 28. | | जम्मू | एक्स-बैण्ड |
| 29. | | बनिहाल टॉप | एक्स-बैण्ड |
| 30. | केरल | कोच्चि | एस-बैंड |
| 31. | | वीएसएसी (इसरो) तिरुवनंतपुरम | सी-बैण्ड |
| 32. | उत्तराखण्ड | मुक्तेश्वर | एक्स-बैण्ड |
| 33. | | सुरकंडा देवी | एक्स-बैण्ड |
| 34. | | लैंसडाउन | एक्स-बैण्ड |
| 35. | लद्दाख | लेह | ट्रांसपोर्टेबेल एक्स-बैण्ड |
| 36. | हिमाचल प्रदेश | कुफरी | एक्स-बैण्ड |
| 37. | | जोत | एक्स-बैण्ड |
| 38. | | मुरारी देवी | एक्स-बैण्ड |
| 39. | मेघालय | चेरापूंजी (इसरो) | एस-बैंड |

*******